# Regional Coordinating Institute, Unnat Bharat Abhiyan

## IIT Roorkee

### (News Clipping)

दैनिक जागरण देहरादून/हरिद्वार, 7 फरवरी 2020

# ग्रामीणों के सहयोग से विकास को गति



आइआइटी रुड़की में आयोजित कार्यशाला के समापन पर उपस्थित प्रतिभागी● आयोजक संस्था

**जागरण संवाददाता, रुड़की:** मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम ऑन रूरल डेवलपमेंट लीडरशिप पर आयोजित चार दिवसीय कार्यशाला के अंतिम दिन विशेषज्ञों ने ग्रामीणों के सहयोग से ही गांव के विकास को गति मिलने पर जोर दिया। वहीं समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

आइआइटी रुड़की में उन्नत भारत अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला का गुरुवार को समापन हुआ। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, गुवाहाटी के निदेशक प्रो. राजीव मोहन पंत ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला ग्रामीण विकास के लिए नेतृत्व क्षमता विकसित करने में सहायक सिद्ध होगी। ग्रामीणों की सोच में बदलाव लाकर बेहतर प्रबंधन से और गांववासियों की मदद से ही गांवों में विकास कार्यक्रम को संचालित करने में गति मिल सकेगी। कार्यक्रम में आइआइटी रुड़की के जल और अक्षय ऊर्जा विभाग के प्रो. आरपी सैनी, राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान रुड़की के पूर्व निदेशक प्रो. आरडी सिंह, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, गुवाहाटी के प्रो. एमके श्रीवास्तव और क्षेत्रीय समन्वय संस्थान उन्नत भारत अभियान, आइआइटी रुड़की के समन्वयक प्रो. आशीष पाण्डेय ने विचार रखे। वहीं प्रतिभागियों की ओर से जिला ग्राम्य विकास अभिकरण-जिला मिशन प्रबंधक की सहायक परियोजना निदेशक नलिनीत घिल्डियाल ने विचार व्यक्त किए। इससे न सिर्फ लीडरशिप डेवलपमेंट करने बल्कि ग्रामीण विकास की योजनाओं के निर्माण व उन्हें क्रियान्वित करने में भी मदद मिल सकेगी। इस अवसर पर प्रो. तेजवीर सिंह, क्षेत्रीय समन्वय संस्थान उन्नत भारत अभियान, आइआइटी रुड़की के परियोजना सहायक नितिन वर्मा, नितिन शर्मा, डॉ. अरविंद कुमार, रोहित गिरी आदि उपस्थित रहे।